मासिक

# आजाद बोल

RNI No. - MPHIN/2020/79860

वर्ष : 5 अंक : 4 इन्दौर, 15 मार्च 2025 पृष्ठ : 8 मूल्य : 1 रुपए

## दुनिया में भारत की संस्कृति की विशिष्ट पहचान : मुख्यमंत्री

**सांगानेर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भारत की संस्कृति की दुनिया में विशिष्ट पहचान है और हमारे ऋषि-महर्षियों ने गौरवशाली संस्कृति को मजबूत करने का काम किया है।

शर्मा यहां सांगानेर में होली मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि



होली का पर्व खुशी एवं उल्लास का प्रतीक है। शर्मा ने कहा कि रंगों के त्योहार पर सभी अपने गिले शिकवे भुलाकर होली के रंग में रंग जाते है और रंगों के साथ राजस्थान का लगाव भी बहुत गहरा है।

उन्होंने कहा कि हमारे प्रदेश को तो रंग रंगीलो राजस्थान कहा जाता है।शर्मा ने यहां उपस्थित जनसमूह के ऊपर फूलों की बारिश कर हर्षोल्लास के साथ रंगों के त्योहार को मनाया और आत्मीयता के साथ मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार हर नागरिक के कल्याण और प्रदेश के हर क्षेत्र का विकास करने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा, 'हमने बजट में सभी 200 विधानसभाओं के विकास के लिए महत्वपूर्ण प्रावधान किए हैं। राजस्थान में पांच हजार गांवों को गरीब मुक्त बनाया जाएगा।' इससे पहले शर्मा डीग स्थित पूंछरी का लौठा धाम पहुंचे और श्रीनाथ जी मंदिर में दर्शन किए।

# सनातन में हमारी आस्था, इतनी समृद्ध परंपरा किसी भी देश और धर्म में नहीं-योगी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने होली के अवसर पर कहा कि सनातन धर्म में त्योहारों की इतनी समृद्ध परंपरा किसी भी देश और धर्म में नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत त्योहारों के माध्यम से आगे बढ़ता है। गोरखपुर में पारंपरिक 'नरसिंह शोभायात्रा' को संबोधित करते हुए उन्होंने जोर देकर कहा कि होली एकता के माध्यम से 'अखंड' देश को बनाए रखने का संदेश देती है। उन्होंने जोर देकर कहा, ''एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की परिकल्पना पूरी होगी।' उन्होंने कहा कि दुनिया के किसी भी देश, जाति, धर्म में सनातन धर्म जैसी समृद्ध त्योहारों की परंपरा नहीं है। सनातन धर्म में हमारी आस्था है और आस्था ही त्योहारों की आत्मा है। त्योहारों के माध्यम से भारत आगे बढ़ता है।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा, 'आपने देखा है कि सनातन धर्म का विरोध करने वालों ने प्रयागराज में महाकुंभ के माध्यम से सनातन धर्म के साथ-साथ भारत की क्षमता ('समर्थ') को देखा है। संगम में हुए विशाल स्नान अनुष्ठान में 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालु एकत्रित हुए और आशीर्वाद प्राप्त किया। जाति या क्षेत्र के आधार पर कोई भेदभाव नहीं किया गया।' जुलूस से पहले आदित्यनाथ होली मनाने के लिए साधुओं के साथ जमीन पर बैठे नजर आए। उन्होंने जुलूस में शामिल लोगों पर फूल भी बरसाए।

होली के पावन महापर्व पर गोरक्षपीठाधीश्वर एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने होलिका भस्म की पूजा कर होली मनाने की शुरुआत की। उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में फाग गीतों का आनंद लिया और गोवंश को भस्म, गुलाल लगाकर गोसेवा की। मुख्यमंत्री ने भीम सरोवर के पास बतखों को तथा मंदिर की गोशाला के पास मोर को भी दाना खिलाया। एक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने होलिकोत्सव की शुरुआत शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर में बतौर गोरक्षपीठाधीश्वर होलिका भस्म की पूजा से की।

## उत्तर प्रदेश में होली का जश्न कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में होली का जश्न कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। इस दौरान सभी स्थानों पर विविधतापूर्ण सांस्कृतिक अभिव्यक्ति और सांप्रदायिक सद्भाव देखने को मिला। होली और जुमे की नमाज एक ही दिन होने की वजह से पूरे प्रदेश में जगह-जगह कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी।



होली को देखते हुए प्रदेश की ज्यादातर मस्जिदों में जुमे की नमाज का समय बढ़ाया गया और होली तथा नमाज दोनों ही शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए। इस दौरान भड़काऊ सामग्री के लिए सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखी गई और प्रमुख क्षेत्रों में निगरानी ड्रोन और सीसीटीवी कैमरे तैनात किए गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर की गौशाला में गायों और बछड़ों को गुलाल लगाकर होली मनाई। पगड़ी और काला चश्मा पहने मुख्यमंत्री ने होली जुलूस के दौरान भीड़ पर फूल और अबीर-गुलाल बरसाया। बॉलीवुड अभिनेता और सांसद रवि किशन ने पारंपरिक फगुआ गीत गाकर माहौल और भी खुशनुमा बना दिया। इस बीच, लखनऊ में दोनों उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य ने होली मनाई।

### कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में संपन्न हुई संभल शाही जामा मस्जिद में जुमे की नमाज

**संभल।** संभल की शाही जामा मस्जिद में शुक्रवार को जुमे की नमाज कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। होली की वजह से इस बार जुमे की नमाज का समय आगे बढ़ाया गया था। जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया ने बताया कि रंगोत्सव और जुमे की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। उलेमा और मुतवल्लियों ने अपील की थी और जुमे की नमाज के लिए समय का निर्धारण किया था, जिसके चलते नमाज का वक्त करीब एक घंटे बाद दोपहर ढाई बजे तय किया गया। उन्होंने बताया कि होली और जुमे की नमाज के मद्देनजर कड़ी सुरक्षा का बंदोबस्त किया गया है। इस दौरान रैपिड एक्शन फोर्स, पीएसी और स्थानीय पुलिस बल के जवान पूरी तरह मुस्तैद रहे। पूरे इलाके की ड्रोन से निगरानी की गयी।

### मस्जिदों को कवर करने पर भड़के ओवैसी

## जो पाकिस्तान गए वो कायर, हम भागेंगे नहीं

एआईएमआईएम प्रमुख और लोकसभा सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने मुसलमानों से होली के दौरान घर के अंदर रहने या खुद को ढकने के आह्वान के बाद एक तीखा संदेश दिया। उन्होंने समुदाय की ताकत का परिचय देते हुए कहा कि हम भागेंगे नहीं, हम कायर नहीं हैं। तेलंगाना के हैदराबाद में चौक-ए-मस्जिद में एक सभा को संबोधित करते हुए ओवैसी ने कहा कि कुछ लोग कहते हैं कि अगर आप इतने डरे हुए हैं, तो आपको नमाज़ नहीं पढ़नी चाहिए और घर के अंदर रहना चाहिए। वे कहते हैं कि जैसे हमने अपनी मस्जिदों को ढक रखा है, वैसे ही हमें खुद को भी ढकना चाहिए, या फिर घर के अंदर रहना चाहिए। उनकी टिप्पणी कुछ अधिकारियों के बयानों के जवाब में आई है, जिसमें मुसलमानों को सलाह दी गई है कि अगर वे होली के दौरान रंग नहीं लगाना चाहते हैं तो उन्हें घर के अंदर रहना चाहिए। उल्लेखनीय है कि 6 मार्च को उत्तर प्रदेश के संभल में सर्किल ऑफिसर अनुज चौधरी ने सुझाव दिया था कि जो लोग रंगों से असहज हैं, उन्हें घर के अंदर रहना चाहिए।



बाद में उनकी टिप्पणी का उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समर्थन किया। इसके अलावा, होली के जश्न के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए स्थानीय प्रशासन के आदेश पर उत्तर प्रदेश की कई मस्जिदों को तिरपाल से ढक दिया गया था। ओवैसी ने कहा कि जो लोग पाकिस्तान चले गए, वे कायर थे। हम भागेंगे नहीं, हम कायर नहीं हैं। एक मुख्यमंत्री ने कहा कि जुम्मा की नमाज घर पर भी अदा की जा सकती है... वे कौन होते हैं जो हमें बताएं कि हम क्या कर सकते हैं और क्या नहीं? इस साल, होली 14 मार्च को रमजान के दूसरे जुम्मा की नमाज (शुक्रवार की नमाज) के साथ हुई।

सुरक्षा बलों ने कई राज्यों में शांतिपूर्ण समारोह सुनिश्चित करने के लिए फ्लैग मार्च किया और चेकपॉइंट स्थापित किए।

यूपी के संभल में होली का त्योहार और जुमे की नमाज़ कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण तरीके से मनाई गई। संभल की सब-डिवीजनल मजिस्ट्रेट (एसडीएम) वंदना मिश्रा ने समुदायों के बीच सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से मनाए गए त्यौहारों ने 'सद्भाव का एक मजबूत संदेश दिया।



## कांग्रेस ने असम में शांति कायम नहीं होने दी, प्रधानमंत्री मोदी ने इसे बहाल किया : शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने असम में शांति कायम नहीं होने दी लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे बहाल किया, बुनियादी ढांचे का विकास किया और पूर्वोत्तर राज्य के युवाओं के लिए रोजगार सुनिश्चित किया।

शाह ने यहां नवीनीकृत लचित बरफुकन पुलिस अकादमी का उद्घाटन करने के बाद यह बात कही। उन्होंने कहा, ''पिछले 10 वर्षों के दौरान असम में 10,000 से अधिक युवा हथियार डालकर मुख्यधारा में शामिल हो गए हैं और राज्य में शांति लौट आई है।'' शाह ने कहा कि नरेन्द्र मोदी नीत सरकार असम में हाल ही में आयोजित व्यावसायिक सम्मेलन में प्रस्तावित पांच लाख करोड़ रुपये के निवेश के अलावा तीन लाख करोड़ रुपये की बुनियादी ढांचा परियोजनाएं लाएगी।

गृह मंत्री ने कहा, ''असम में पुलिस पहले आतंकवादियों से लड़ने के लिए थी, लेकिन अब यह लोगों की मदद के लिए है और इसके कारण पिछले तीन वर्षों में दोषसिद्धि दर पांच प्रतिशत से बढ़कर 25 प्रतिशत हो गई है। यह जल्द ही राष्ट्रीय औसत को पार कर जाएगी।''

# दिनी तालीम को आधुनिक शिक्षा से जोड़ता, मदरसा जामिया गोसिया गरीब नवाज

ऐसे तो मुल्क भर मे सेकडो मदरसे है जो दिनी तालीम दे रहे है, लेकन इंदौर शहर मे मदरसा जामिया गोसिया गरीब नवाज़ पिछले तीस सालो से दिनी तालीम को आधुनिक तरिके से साल दर साल खुद को बेहतर से बेहतरीन की तरफ ले जा रहा है, मदरसे मे साफ सफाई शानदार बोडिंग व्यवस्था के साथ खूबसूरत केम्पस आपको दुनिया के बड़े और बेहतर तालीमी इदारे का एहसास दिलाते है, जहाँ मदरसे के स्टूडेंट्स के लिए खेलने कूदने के मैदान मौजूद है, वही साफ सुथरे कमरे, साफ लिबास मे फूलो की तरह खूबसूरत तलबा बेहतर घर जैसा माहौल लजीज खाने की व्यवस्था मदरसे को दुसरो से अलग फरहरिस्त मे खडा करती है।अहले सुन्नत के सबसे बड़े इस इदारे के अखराजत के लिए रमजान मे जकात फितरा लिया जाता है,

**मदरसे के पंद्रह सो बच्चे पूरे मुल्क मे खिदमत दे रहे-** गुजिस्ता तीस सालो मे मदरसे से करीब पंद्रह सो बच्चे आलिम, हाफिज, कारी की सनद लेकर आज पूरे हिन्दुस्तान मे दीन की खिदमत को अंजाम दे रहे है साथ ही मदरसे की ही बरकत से सभी बच्चे अपने उरुज पर पहुंच कर मदरसे का नाम रोशन कर रहे है। इसी के साथ हर साल 35 से 40 बच्चे हर साल अपनी हाफिज, आलीम, कारी डिग्री हासिल कर रहे है। मदरसे में तक़रीबन 350, से 400 बच्चे पड़ते है.




पूरे प्रदेश मे एहले सुन्नत का सबसे बढ़ा इदारा-मदरसा जामिया गोसिया गरीब नवाज़ अहले सुन्नत इंदौर ही नहीं प्रदेश का एहले सुन्नत का सबसे बढ़ा इदारा है जिसमें करीब तीस लोगो का स्टॉफ है जिसमें बड़े और जाने माने आलीम, कारी, मुफ़्ती बच्चो को पढ़ाते है और उनके मुस्तकबिल को रोशन बनाते है। हर साल इसका हिसाबो किताब ऑडिट होता है हिसाब दूध की तरह सफ़ेद है जो भी चाहे जवाबदारों से राब्ता कायम कर सकता है।

शहर की मोतबर हस्तियों के जैरे निगरह- मदरसा गोसिया गरीब नवाज को पिछले तीस सालो से शहर की बड़ी और शोहरत यफ्ता हतियों का साथ मिलता रहा है जिनकी रेहनुमाई से मदरसे ने पूरे प्रदेश मे अपनी अलग पहचान बनाई है। उन हस्तीयो मे सदर हाजी सिद्दीक दस्तक, आशिक हुसैन गोरी पकीजा, हाज़ी याक़ूब कुरैशी बजारिया,फारुख कुरैशी बजारिया, गोसुद्दीन कादरी सदर बज़ार, अनवर कादरी हारून कलोनी, शामिल है जिनकी निगरानी और रायशुमारी से मदरसे को तालीम और व्यवस्था को लेकर सभी जगाह तारीफे मिलती है।

सलाना मीटिंग होती है-जामिया गौसिया गरीब नवाज़ मदरसे में साल मे एक बार जनरल मीटिंग होती है जिसमे शहर की 150 से ज़्यादा मोतबर सख्सियत शमिल होती है और अपनी आँखो से मदरसे का इंतजाम देखती है इस मिटंग का मकसद भी यही होता है की जो लोग मदरसे को स्पोर्ट करते है वे मदरसे के इंतजाम को देख कर म मुतमाईन हो सके।

मदरसे के लिए मुफ्ती अनवर अहमद क़ादरी ने वक़्फ़ की जिंदगी-मदरसे के नाजिम ए आला मौलाना मुफ़्ती अनवार अहमद कादरी ने भी अपनी जिंदगी मदरसे के लिए वक्फ की हजरत जिस तरह इंदौर शहर की ख्वाजा मस्जिद बजरिया मे चालीस साल से बिना तनख्वा के साथ खिदमत दे रहे है उसी तरह मदरसे मे भी तीस साल से बिना तनख्वाह के हजरत की खिदमत जारी है। हजरत जीतने बड़े अलीम है उतने ही साफ सुथरे किरदार के मालिक है, जिनके अच्छे अखल़ाख और अच्छी तकरीर से दीन और मदरसे मे खिदमत से मदरसा उरुज पर है.

मौलाना की तकरीर इंदौर के हर मुस्लिम मोहल्ले मे होती है जिसमें भीड़ हजारों की तादाद में हो जाती है। इंदौर ही नहीं मौलाना की तकरीर के लिए पूरे मुल्क के अलग अलग शहरो मे होती है उनकी तकरीरो का आलम यह होता है की तारीखों के लिए छे महीने से साल भर का इंतजार होता है

मौलाना अनवार अहमद कादरी ने खालिस अल्लाह की रजा के लिए अपनी खुद की बेश कीमती ज़मीन अल्लाह के लिए मदरसे को वक्फ कर दी है,अगर उन्हें दुनिया कमानी होती तो वह यह जमीन मदरसे को क्यों देते यही वजह है की आज मौलाना अनवार अहमद कादरी के लाखो मुरीद पूरे इंदौर के साथ ही पूरे देश मे मौजूद है।

### आर्ट एवं कल्चर की वरिष्ठ फोटोग्राफर प्रीति मान ने कहा

# फोटोग्राफर बनना आसान है, बने रहना कठिन





**इंदौर।** आर्ट एवं कल्चर की वरिष्ठ फोटोग्राफर प्रीति मान ने कहा कि आज के दौर में फोटोग्राफर बनना आसान है लेकिन फोटोग्राफर बने रहना कठिन कार्य है।

सुश्री मान स्टेट प्रेस क्लब, म.प्र. के संवाद कार्यक्रम में मीडियाकर्मियों से चर्चा कर रहीं थीं। निमाड़ के धामनोद की सुश्री मान ने ट्रैवलिंग के शौक के दौरान फोटोग्राफी को अपना करियर बना लिया। बीबीसी में आर्ट एवं कल्चर इवेंट की फोटोग्राफी और डॉक्यूमेंट्री शूट करते–करते सुश्री मान आज देश की जानी–मानी फोटोग्राफर बन गई हैं। उन्होंने कहा कि आज की जनरेशन फोटोग्राफी की तरफ तेजी से बढ़ रही है। मोबाइल फोन इसकी बड़ी वजह है। मोबाइल फोन से इंस्टेंट वर्क किया जा सकता है लेकिन उम्दा क्वालिटी की फोटोग्राफी कैमरों से ही संभव है।

मोबाइल जर्नलिज्म के सन्दर्भ में सुश्री मान ने कहा कि प्रिंट मीडिया में फोटोग्राफी के अवसर सीमित हो गए हैं जबकि ऑनलाइन या मोबाइल जर्नलिज्म में फोटोग्राफी का तेजी से और ज्यादा उपयोग हो रहा है। अब तो मीडिया संस्थानों में रिपोर्टरों को ही मोबाइल से फोटो-वीडियोग्राफी करना पड़ रही है लेकिन हमे मानना होगा कि रिपोर्टर का सेन्स ऑफ़ स्टोरी सिर्फ स्टोरी तक ही फोकस रहता है। अभी फोटोग्राफी पुरानी और नई तकनीक के बीच से गुजर रही है। आने वाला वक़्त तय करेगा कि बेहतर कौन है।

सुश्री मान ने कहा कि महिला और पुरुष फोटोग्राफर में कोई अंतर नहीं रहता। उन्होंने भी पुरषों की भांति दीवारों और पेड़ों पर चढ़कर फोटोग्राफी की है और धक्के भी खाए हैं। उन्होंने बताया कि नई दिल्ली में रहने के बावजूद उन्होंने मध्यप्रदेश में सिंहस्थ, ट्राइबल म्यूजियम भोपाल, भगोरिया जैंसे इवेंट कवर किए हैं। आने वाले दिनों में वे बाग़, चंदेरी, ओरछा, ग्वालियर जैंसे एतिहासिक महत्व के स्थानों पर फोटोग्राफी करने जायेंगी। उन्होंने यह भी बताया कि आगामी कुछ माह में वे भोपाल में पोट्रेट फोटोग्राफी एग्जीबिशन करने जा रही हैं। इसी के साथ उनके करियर में देश के सैतालीस कलाकारों के डिटेल इंटरव्यू पर आधारित पुस्तक प्रकाशन का कार्य भी कर रही हैं।

सुश्री मान ने कहा कि इन दिनों वेडिंग फोटोग्राफी में अच्छा स्कोप है। बड़े डिग्रीधारी युवा भी इस क्षेत्र में आ रहे हैं। उन्होंने फोटोग्राफी का मूलमंत्र सही समय, सही जगह, सही क्लिक को बताया। प्रारम्भ में स्टेट प्रेस क्लब, म.प्र. के अध्यक्ष प्रवीण खारीवाल एवं कोषाध्यक्ष सोनाली यादव ने सुश्री मान का स्वागत किया। कार्टूनिस्ट गोविन्द लाहोटी 'कुमार' ने कैरिकेचर भेंट किया। वरिष्ठ पत्रकार मोहन नरवरिया, समीर खान, जितेन्द्र सिंह भाटिया एवं सुदेश गुप्ता ने स्मृति चिन्ह एवं मीडिया साहित्य भेंट किया। अंत में मीना राणा शाह ने आभार व्यक्त किया।

## पुलिस ने डेढ़ किलो गांजे के साथ युवक को पकड़ा

**इंदौर।** ऑपरेशन ईगल क्लॉ अंतर्गत पुलिस ने डेढ़ किलो गांजे के साथ युवक को गिरफ्तार किया है। भंवरकुआ पुलिस को सूचना मिली थी कि रोल्टा मैदान शिवमपुरी कालोनी में संदिग्ध युवक थैली लेकर खड़ा है। शंका के आधार पर उसे पकड़ा और थैली चेक करने पर उसमें मादक पदार्थ मिला। मामले में पुलिस ने संजय कनेल निवासी ग्राम मगरादेव थाना उदय नगर जिला देवास को पकड़ा।

# इंदौर में 26 मार्च से राष्ट्रीय नाट्य समारोह, दो कला पुरस्कारों की घोषणा

**इंदौर।** इंदौर में आगामी 26 मार्च से तीन दिवसीय राष्ट्रीय नाट्य समारोह में 3 दिलचस्प नाटकों का मंचन होगा। समारोह में एमपीएसडी के पूर्व निदेशक और प्रख्यात अभिनेता,निर्देशक आलोक चटर्जी को मरणोपरांत 'विशेष राष्ट्रीय अभिनव रंग सम्मान' और वरिष्ठ लेखक और पत्रकार शकील अख्तर को 'राष्ट्रीय अभिनव कला समीक्षा सम्मान' प्रदान किया जायेगा। यह जानकारी अभिनव रंगमंडल (उज्जैन, इंदौर) के प्रमुख एवं वरिष्ठ नाट्य निर्देशक शरद शर्मा ने दी।




शर्मा ने कहा, अभिनव रंगमंडल का यह 39 वां नाट्य समारोह है जो इंदौर के आनंद मोहन माथुर सभागृह में आयोजित होगा। उन्होंने कहा, नाट्य समारोह में 26 मार्च को विहान ड्रामा वर्कस भोपाल द्वारा सौरभ आनंद के निर्देशन में 'गांधी गाथा' नाटक की प्रस्तुति होगी। 27 मार्च को अभिनव रंगमंडल द्वारा अगाथा क्रिस्टी रचित नाटक 'माउस ट्रैप' का हिंदी अनुवाद 'चूहेदानी' का मंचन होगा। इसे शरद शर्मा ने निर्देशित किया है। समापन दिवस पर राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, बेंगलुरु द्वारा मुंशी प्रेमचंद की कहानी 'रसिक संपादक' की प्रस्तुति दिल्ली के रंग विषारद क्लब द्वारा की जाएगी। इस हास्य नाटक का निर्देशन विद्यालय की निदेशक वीणा शर्मा ने किया है।

पुरस्कारों की जानकारी देते हुए शर्मा ने कहा, 26 मार्च को शुभारंभ समारोह में स्व. आलोक चटर्जी को श्विजया देवी शर्मा की स्मृति में 'विशेष राष्ट्रीय अभिनव रंग सम्मान' प्रदान किया जा रहा है। पुरस्कार स्व. आलोक की पत्नी एवं रंगमंच की सिद्धहस्त अभिनेत्री शोभा चटर्जी ग्रहण करेंगी। पुरस्कार स्वरूप में उन्हें 51,000/ की राशि भेंट की जायेगी।

समारोह के समापन दिवस यानी 28 मार्च को शकील अख्तर को, कला गतिविधियों पर उनके निरंतर लेखन और विशिष्ट योगदान के लिये सम्मानित किया जायेगा। पुरस्कार स्वरूप उन्हें 11 हज़ार की राशि भी प्रदान की जाएगी। शकील अख्तर तीन दशकों से निरंतर कला गतिविधियों, विशेषकर रंगमंच पर लिख रहे हैं। आपने सात नाटकों का लेखन किया है। उनके लिखे दो नाटकों का राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय,दिल्ली में मंचन हुआ है। पत्रकारिता में अपनी खास़ पहचान बनाने वाले शकील अख्तर इंडिया टीवी में सीनियर एडिटर रहे। इंदौर,ग्वालियर और दिल्ली के विभिन्न समाचार पत्रों में सेवाएं दी हैं। अभिनव रंगमंडल के निदेशक शर्मा ने इंदौर के कला रसिक दर्शकों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में उपस्थित होने का अनुरोध किया है। कार्यक्रम अपने निर्धारित समय संध्या 7 बजे आरंभ होगा।

### सीजीएचएस इंदौर के मल्टी टॉस्किंग स्टाफ से रिटायर्ड कर्मचारी परेशान

# हर काम के पैसे मांगे जाते, नहीं देने पर परेशान किया जाता

**इंदौर।** केंद्र सरकार के कर्मचारियों का इलाज करने वाला एकमात्र सीजीएचएस वेलनेस सेंटर को इन दिनों अनियमितता का रोग लग गया है। यहां इलाज कराने आने वाले केंद्र सरकार के सेवानिवृत्त वरिष्ठ कर्मचारियों से यहां कार्यरत मल्टी टॉस्किंग स्टाफ हर काम के बदले पैसे मांगता है। पैसे नहीं देने पर सीनियर सिटीजनों को या तो घंटों बिठाए रखा जाता है या उनके चिकित्सा प्रतिपूर्ति दावे उलझाकर बेमतलब परेशान किया जाता है।

यहां के उच्च अधिकारियों को इस बात की मौखिक शिकायत भी की गई हैं, लेकिन वह भी हाथ ऊपर कर देते हैं। क्योंकि इंदौर सीजीएचएस वेलनेस सेंटर के किसी भी कर्मचारी या अधिकारी पर भोपाल स्थित मुख्यालय से ही कार्यवाही हो सकती है। यह मल्टीटास्किंग स्टाफ लाभार्थियों को अपनी पहुंच ऊपर तक होने की धौंस भी देता रहता है।

जानकारी के अनुसार सीजीएचएस के इंदौर वेलनेस सेंटर, नवरतन बाग में पदस्थ मल्टी टॉस्किंग स्टाफ हेमराज ने जब से कार्यभार संभाला है, सीजीएचएस लाभार्थियों की परेशानी बढ़ गई। जब भी केंद्र सरकार का कोई कर्मचारी सेवानिवृत्ति के बाद सीजीएचएस लाभार्थी बनने के लिए निर्धारित शुल्क जमा कर कार्ड के लिए आवेदन करता है, तभी से उसकी परेशानियों की शुरुआत हो जाती है। एमटीएस हेमराज उन्हें सही सलाह देने के बजाए उनसे कार्ड बनवाने के लिए पैसों की मांग करता है। जब कर्मचारियों के सीजीएचएस कार्ड तैयार हो कर आ जाते हैं तो वह देने से इंकार करता है तथा उन्हें एमवाय क्षेत्र स्थित एक एमपीआनलाइन कियोस्क का नम्बर देकर वहां से कार्ड डाउनलोड करवाने की सलाह देता है। इस किओस्क पर बैठे लोग कार्ड बनवाने के नाम पर एक- एक हजार रुपए तक वसूल रहे हैं। पूछने पर वह एमटीएस हेमराज को हिस्सा देने की बात कहते है।



जब कुछ लाभार्थियों ने इस बारे में एमटीएस हेमराज से इस बारे में पूछा तो उसका जवाब यही था कि उसे भोपाल मुख्यालय तक पैसे बांटने पड़ते हैं। जबकि, केन्द्र सरकार के स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत कार्यरत सीजीएचएस पर सारी सुविधाएं निःशुल्क हैं। इसी तरह जब कोई लाभार्थी बीमार पडने या इमरजेंसी में निजी अस्पतालों में भुगतान कर इलाज करवाने के बाद पैसों की प्रतिपूर्ति के लिए चिकित्सा प्रतिपूर्ति दावे प्रस्तुत करता है, तो भी एमटीएस हेमराज उन दावों में गलतियां निकालकर लाभार्थियों को परेशान कर पैसे की मांग करता है। इस बारे मे में बैंक नोट प्रेस देवास के कुछ सेवा निवृत्त कर्मचारियों ने एमटीएस हेमराज द्वारा पैसे मांगे जाने की शिकायत को सही बताते हुए कहा कि उनसे भी हेमराज ने पैसे मांगे थे।



## निगम के सामने 132 करोड़ की टैक्स वसूली बनी चुनौती

**इंदौर।** नगर निगम के अधिकारियों के लिए टैक्स वसूली की चुनौती बढ़ती जा रही है। सरकार से मिलने वाली ग्रांट के लिए निगम को इस वित्तीय वर्ष में संपत्ति कर से कुल 560 करोड़ रुपये वसूलने थे, लेकिन अब तक केवल 428 करोड़ रुपये की ही वसूली हो पाई है। अधिकारियों को मार्च के बचे हुए दिनों में 132 करोड़ रुपये और वसूलने होंगे, वरना सरकार से मिलने वाली ग्रांट पर असर पड़ सकता है।

**वसूली में तेजी लाने के निर्देश-** नगर निगमायुक्त ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे तेजी से बकाया कर वसूल करें। 31 मार्च 2024 तक 474 करोड़ रुपये वसूले जाने थे, लेकिन अब भी 132 करोड़ की वसूली शेष है। अगर इसे पूरा नहीं किया गया तो शहर के विकास कार्यों पर सीधा असर पड़ेगा।

**800 करोड़ की आमदनी, लेकिन संपत्ति कर में कमी-** अब तक नगर निगम को विभिन्न मदों से 800 करोड़ रुपये से अधिक की राशि प्राप्त हो चुकी है। इनमें पार्किंग शुल्क, बिल्डिंग परमिशन, कॉलोनी विकास शुल्क जैसे स्वतः जमा होने वाले कर शामिल हैं। लेकिन संपत्ति कर की वसूली धीमी रही है, जबकि इसे अभी तक 599 करोड़ तक पहुंच जाना चाहिए था।

**सरकार से नहीं मिल रही मदद-** नगर निगम को उम्मीद थी कि शासन से चुंगी क्षतिपूर्ति की राशि मिलेगी, लेकिन सरकार अब नगर निगम को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है। हालांकि, नए अधिकार या वैकल्पिक वित्तीय साधन नहीं दिए जा रहे हैं, जिससे निगम के लिए वित्तीय संकट गहराता जा रहा है।

## मध्य प्रदेश में 5220 इंटर्नशिप के अवसर, शीर्ष कंपनियों में मौका, 31 मार्च तक कर सकते हैं अप्लाई

**इंदौर।** केंद्रीय बजट 2024-25 में शुरू की गई प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) के अंतर्गत 21 से 24 वर्ष की आयु के एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप प्रदान की जानी है। यह योजना 12 महीने की अवधि के लिए विभिन्न उद्योगों में वास्तविक जीवन के कारोबारी माहौल से रूबरू कराएगी। इस योजना को कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय और भारतीय कॉर्पोरेट कानून सेवा (आईसीएलएस) कैडर के अधिकारियों ने कार्यान्वित किया है। अधिकारियों के मुताबिक योजना का उद्देश्य भारत को 'विश्व की कौशल राजधानी' बनाना है।

**आवेदनों की प्रक्रिया शुरू हुई-** योजना के पायलट चरण को लेकर आवेदनों की प्रक्रिया शुरू हो गई है। दूसरे चरण में भारत के 730 से अधिक जिलों में शीर्ष कंपनियों में एक लाख से भी अधिक इंटर्नशिप के अवसर युवाओं को प्रदान किए जाएंगे। आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 मार्च 2025 तक बढ़ा दी गई है।



**तीन इंटर्नशिप के लिए आवेदन-** आवेदक अधिकतम तीन इंटर्नशिप के लिए आवेदन कर सकता है। कोई भी उम्मीदवार भारत में कहीं भी किसी भी इंटर्नशिप के लिए आवेदन करने के लिए स्वतंत्र है। क्षेत्रीय कार्यालय अहमदाबाद में आने वाले चार राज्यों में शीर्ष कंपनियों ने 25 हजार 338 इंटर्नशिप अवसर प्रदान किए हैं।

**5220 इंटर्नशिप के अवसर-** अकेले मध्य प्रदेश में ही कुल पांच हजार 220 इंटर्नशिप अवसर हैं, जो देश की शीर्ष कंपनियों द्वारा अलग-अलग जिलों में पेश किए जा रहे हैं। पावर ग्रिड कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, नार्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, जुबिलेंट फुडवर्क्स लिमिटेड और एनएचडीसी लिमिटेड जैसी अग्रणी कंपनियां इस दौर में मध्य प्रदेश में इंटर्नशिप के प्रस्ताव रख रही हैं।

## रंगपंचमी की तैयारियां जोरों पर

**इन्दौर।** रंगपंचमी का जश्न धूमधाम से मनाने की तयारी चल रही है। ऐतिहासिक इमारतों और प्रमुख बाजारों में रंगों से सुरक्षा के लिए तिरपाल लगाए जा रहे हैं। होली के बाद, रंगपंचमी पर इंदौर की प्रसिद्ध गेर में हजारों लोग शामिल होंगे,जहां मशीनों से रंगों की बौछार की जाएगी। उत्साह, उमंग, हुड़दंग और मस्ती से भरे इस त्योहार के लिए राजबाड़ा, खजूरी बाजार, गौराकुंड, मालगंज, पिपली बाजार, राज मोहल्ला, कृष्णपुरा छत्री जैसे प्रमुख बाजारों की इमारतें तिरपाल से ढंकी जा रही हैं। इस उपाय से रंग गुलाल का असर कम किया जाएगा, ताकि लोग सुरक्षित और आनंदपूर्वक इस पर्व का हिस्सा बन सकें।





## रमजान में मानवता की सेवा के मूल्यों को बढ़ावा

**इंदौर।** रमजान के पवित्र महीने में भाईचारे और सौहाद्र की मिसाल देखने को मिली। प्रिंस यशवंत रोड स्थित सर्वधर्म संघ द्वारा मस्जिदों के इमाम और हाफिज साहेबान का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में शहर काजी डॉ. इशरत अली और स्वामी वर्धानंद महाराज ने संयुक्त रूप से सम्मान कर सांप्रदायिक सौहाद्र का संदेश दिया। धर्मगुरुओं ने रमजान को मानवता, सेवा, सहनशीलता और नेक कार्यों को बढ़ावा देने वाला महीना बताया। अध्यक्ष मंजूर बेग ने कहा कि धर्मगुरुओं का सम्मान, समाज की एकता को मजबूत करता है। इस अवसर पर कई गणमान्यजन उपस्थित रहे और सम्मानित धर्मगुरुओं को तोहफे व नगद नजराना भेंट किए गए।

## पेमेंट संकट से जूझ रहा नगर निगम, पानी की टंकियों का निर्माण अधर में, ठेकेदारों की बेरुखी से प्रोजेक्ट अटके

**इंदौर।** आर्थिक तंगी के कारण नगर निगम ठेकेदारों को समय पर भुगतान नहीं कर पा रहा है, जिससे कई प्रोजेक्ट धीमी गति से चल रहे हैं या बंद होने की कगार पर हैं। खासकर नर्मदा प्रोजेक्ट के तहत बनाई जाने वाली पानी की टंकियों का काम रुका हुआ है।



सूत्रों के अनुसार, जो ठेकेदार भुगतान पा भी रहे हैं, उन्हें कमीशन देना पड़ रहा है, जिससे उनमें असंतोष बढ़ रहा है। इसके चलते कई ठेकेदार नए टेंडर लेने में रुचि नहीं दिखा रहे हैं। निगम ने पानी की तीन से चार नई टंकियों के लिए कई बार टेंडर जारी किए, लेकिन अब तक कोई ठेकेदार तैयार नहीं हुआ।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से आर्थिक सहायता की मांग की थी, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। निगम की वित्तीय कमजोरी के कारण कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं रुकी हुई हैं।


विधानसभा क्षेत्र 5 के विराटनगर, खजराना और पंचम की फेल में पानी की टंकियां बनाई जानी थीं, लेकिन भुगतान संकट के कारण काम शुरू नहीं हो सका। नर्मदा प्रोजेक्ट के मुख्य अभियंता संजीव श्रीवास्तव का कहना है कि टेंडर जारी हो चुके हैं और जल्द ही निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। हालांकि, ठेकेदारों की उदासीनता और वित्तीय संकट के चलते परियोजना के समय पर पूरा होने पर संदेह बना हुआ है।

# पुल निर्माण से बदली जाएगी यातायात व्यवस्था

**इंदौर।** कनाडिया बायपास पर लोक निर्माण विभाग द्वारा थ्री लेयर फ्लायओवर ब्रिज का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। ब्रिज का काम जल्द शुरू होना है। इसके चलते वर्तमान में यहां के ट्रैफिक का दबाव कम करना आवश्यक है। ट्रेफिक पुलिस ने निर्माण को देखते हुए नया ट्रेफिक रुट प्लान तैयार किया है। ट्रेफिक उपायुक्त अरविंद तिवारी के अनुसार, कनाडिया ब्रिज की ओर से आने वाले मुख्य हाईवे मार्ग के वाहन पंचतारा ढाबा के सामने बने डीमार्जिंग पॉइंट से सर्विस रोड पर उतरकर देवास की ओर चल सकेंगे। यह सर्विस रोड अब ब्रिज निर्माण पूरा होने तक पूरी तरह वनवे रहेगा।

-बिचौली मर्दाना या कनाडिया ब्रिज की ओर से आकर शहर की ओर जाने वाले छोटे वाहन कनाडिया अंडरब्रिज के पहले सर्विस रोड पर उतरकर कनाडिया रोड होते हुए बंगाली चौराहा अथवा पटेल नगर मार्जिंग पॉइंट से लेफ्ट टर्न लेकर खजराना की ओर पाकीजा तिराहा, आरई 2 के रास्ते लाभगंगा चौराहा से होकर स्टार चौराहा, रेडिसन चौराहे की ओर जा सकेंगे।

-रेडिसन की ओर से आने वाले समस्त भारी वाहन लाभ गंगा चौराहा, वेलवेट तिराहे के रास्ते बेस्ट प्राइस से लेफ्ट टर्न लेकर बायपास टोल प्लाजा से यू टर्न लेते हुवे खंडवा-राऊ अथवा मुंबई की ओर जा सकेंगे।



- देवास की ओर से आने वाले छोटे वाहन पूर्व की भांति डीपीएस अंडर ब्रिज, होटल टीसीएल के रास्ते वेलवेट तिराहा, लाभगंगा चौराहा अथवा एडवांस एकेडमी से स्टार चौराहा होते हुए शहर में प्रवेश कर सकेंगे।

- जिन छोटे वाहनों को रेडिसन स्टार चौराहा से कनाडिया अंडर ब्रिज की ओर जाना है, वह वाहन वेलवेट तिराहा से यू टर्न लेकर लाभगंगा चौराहा, आर ई-2, पाकीजा तिराहा के रास्ते पटेल नगर मार्जिंग पॉइंट होकर कनाडिया अंडरब्रिज जा सकेंगे।

- वहीं जिन छोटे वाहनों को लाभगंगा चौराहे से फिनिक्स मॉल, जलसा गार्डन, मालवा इंस्टिट्यूट या झलारिया गांव की ओर जाना है, वे बेस्ट प्राइस से लेफ्ट टर्न लेकर डीपीएस ओवरब्रिज के रास्ते डीपीएस ब्रिज उतार से लेफ्ट यूटर्न लेकर डीपीएस अंडरब्रिज से अथवा डीपीएस ब्रिज एवं गोल्डन लीव्स ब्रिज के बीच बने मीडियन से जा सकेंगे।

-होटल शैरेटन से पटेल नगर मार्जिंग पॉइंट व पटेल नगर मार्जिंग पॉइंट से होटल शैरेटन के बीच बायपास पर बसों का सवारी उतारना एवं चढ़ाना कड़ाई से प्रतिबंधित रहेगा। इन स्थानों के बीच कहीं भी सवारी उतारने एवं चढ़ाने पर ट्रैफिक पुलिस द्वारा दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।


-कनाडिया ब्रिज की ओर से शहर में प्रवेश करने वाली बसें बेस्ट प्राइस से लेफ्ट टर्न लेकर वेलवेट तिराहा, लाभगंगा चौराहा के रास्ते स्टार चौराहे तक जा सकेंगी। स्टार चौराहे से रेडिसन चौराहे की ओर अंतराज्यीय बसों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा।



## इंदौर में एम वाय अस्पताल की नई डायलिसिस यूनिट का लोकार्पण

**इंदौर।** इंदौर के एम वाय अस्पताल की पांचवी मंजिल पर नई डायलिसिस यूनिट का लोकार्पण किया गया। इस समारोह में इंदौर मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. अरविंद घंगोरिया, पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस के रीजनल बिजनेस हेड पंकज श्रीवास्तव,और रोटरी क्लब इंदिरा नगर बेंगलुरू की डाइरेक्टर सुप्रिया कंधातरी शामिल हुए। अस्पताल सुपरिंटेंडेंट डॉ. अशोक यादव की अध्यक्षता में 10 नई डायलिसिस मशीन का लोकार्पण किया गया। डॉ. यादव ने बताया कि अब अस्पताल में कुल 18 डायलिसिस मशीनें हैं, जो निःशुल्क सेवाएं प्रदान करेंगी। डॉ. घनघोरिया ने मरीजों की सेवा को प्राथमिकता देने का आश्वासन दिया। यह पहल रोटरी क्लब और पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस के सहयोग से संभव हुई। कार्यक्रम में कई अन्य प्रमुख हस्तियां भी उपस्थित रहीं।

## इंदौर-भोपाल में मेट्रो का काम जल्द शुरु किया जाएगा : मंत्री जगदीश देवड़ा



**इन्दौर।** मध्यप्रदेश की मोहन सरकार के द्वारा दूसरा बजट (MP Budget 2025) पेश कर दिया गया है। इस दौरान वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने मेट्रो और फोरलेन को लेकर कहा कि इंदौर-भोपाल में मेट्रो का काम जल्द शुरु किया जाएगा। साथ ही उज्जैन-जावरा फोरलेन निर्माण से इंदौर को बड़ा फायदा होगा।

**मुंबई-दिल्ली कॉरिडोर से जुड़ेगा उज्जैन-जावरा फोरलेन**-उज्जैन-जावरा 4-लेन के बनने से उज्जैन, इन्दौर और उसके आसपास के क्षेत्र मुम्बई-दिल्ली 8-लेन कॉरिडोर से जुड़ जाएंगे। उज्जैन-इन्दौर सिक्स लेन का 1 हजार 692 करोड़ की अनुमानित लागत से भूमि पूजन हो चुका है। भोपाल, देवास, ग्वालियर, जबलपुर, सतना और इंदौर में एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण प्रगति पर है।

**नगरीय विकास के लिए 18 हजार 715 करोड़ प्रस्तावित**-सिंहस्थ क्षेत्र में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं। सिंहस्थ का आयोजन साल 2028 में किया जाएगा। वित्तीय वर्ष 2025-26 में लगभग 2 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान प्रस्तावित है। नगरीय विकास के लिए साल 2025-26 के लिए 18 हजार 715 करोड़ रुपए का प्रावधान प्रस्तावित है। जो साल 2024-25 से 2 हजार करोड़ रुपए ज्यादा है।

**एमपी में इन जिलों से गुजरता है दिल्ली-मुंबई आठ लेन**-दिल्ली-मुंबई 8 लेन कॉरिडोर झाबुआ के तलावड़ा से महूड़ी का माल से एक्सप्रेस-वे रतलाम में प्रवेश कर रावटी, सैलाना, पिपलौदा, व जावरा के कुम्हारी होकर मंदसौर के लसुड़िया से मंदसौर जिले में जाता है। रतलाम जिले के 87 गांवों से दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे होकर गुजरता है। एक्सप्रेस-वे के जरिए गरोठ में शामगढ़ रोड और भानपुरा से नीमथुर से एंट्री कर सकेंगे। मंदसौर जिले से एक एंट्री सीतामऊ से भी मिलेगी। गरोठ और जावरा में लॉजिस्टिक हब बनाया जाएगा। साथ ही बसई के पास की जमीन पर उद्योग लगाए जाएंगे।



## तीन पुलिसकर्मी सम्मानित

**इंदौर।** लूट के अज्ञात आरोपियों को पकडने में अहम भूमिका निभाने वाले लसूडिया थाने के तीन पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया। पुलिसकर्मियों को प्रोत्साहित करने पुलिस आयुक्त संतोषसिंह ने प्रशस्ति पत्र और नगद पुरस्कार दिया। पुलिसकर्मियों को सम्मानित करने का क्रम प्रत्येक मंगलवार को किया जाता है। साप्ताहिक पुरस्कार कार्यक्रम के अंतर्गत पलासिया स्थित कार्यालय में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट और सराहनीय कार्य करने वाले आरक्षक राम कुमार मीणा, आरक्षक आनंद जाट और दिनेश गुर्जर को बधाई देते हुए पुलिस कमिश्नर ने कहा कि वे आगे भी ऐसे ही बेहतर कार्य करते रहे। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अमित सिंह और उपस्थित अन्य पुलिस अधिकारियों ने भी पुरुस्कृत पुलिसकर्मियों के कार्य की सराहना कर उनका हौसला बढ़ाया।

## वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस, लंदन ने लिली डावर को किया सम्मानित

**इंदौर।** शिक्षाविद् और समाजसेवी लिली संजय डावर को वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस, लंदन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। डावर, शासकीय श्री अहिल्या केंद्रीय लाइब्रेरी की प्रमुख हैं और उन्होंने पुस्तकालय का कायाकल्प कर उसे एक पहचान दिलाई। सम्मान समारोह में फिल्म निर्माता विशाल कपूर, अभिनेता कमल घिमिरे व अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। डावर ने पुस्तकें बुलाती हैं, एक रु. में आजीवन सदस्यता जैसे अभियान चलाए, जिससे पुस्तकालय सभी उम्र के लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया।

## 151 बैरिकेट्स सौंपे

**इंदौर।** शहर में बढ़ते ट्रैफिक को नियंत्रित करने और यातायात पुलिस के कार्यों को सुचारु बनाने के लिए एमपीसीजी मोबाइल प्राइवेट लिमिटेड ने 151 बैरिकेट्स पुलिस विभाग को उपलब्ध कराए। इस कार्यक्रम का उद्घाटन अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर मनोज श्रीवास्तव ने किया।

## 9 तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों के विरूद्ध कार्रवाई, लगाई गई पेनल्टी



**इंदौर।** कलेक्टर आशीष सिंह ने नामांतरण, बंटवारा,और सीमांकन प्रकरणों के समय सीमा में निराकरण की दिशा में सख्त कदम उठाए हैं। उन्होंने 9 तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए प्रत्येक पर 250 रुपये की पेनल्टी लगाई है, क्योंकि इन अधिकारियों ने 44 प्रकरणों को समय सीमा में नहीं निपटाया। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया है कि वे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों की निगरानी करें और सुनिश्चित करें कि कोई भी आवेदक परेशान न हो।

बैठक में कई अधिकारियों ने भाग लिया, कलेक्टर ने कहा कि समय सीमा के तहत प्रकरणों का निपटारा प्राथमिकता होनी चाहिए। वहीं,भिक्षावृत्ति रोकने के अभियान की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन के तहत दर्ज आवेदनों के त्वरित निपटारे पर भी जोर दिया,और लापरवाही करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी। इस पहल से लगभग सभी राजस्व प्रकरण समय पर हल होंगे, जिससे नागरिकों को बेहतर सेवाएं मिलेंगी।

## इंदौर को सिग्नल-लैस शहर बनाने की योजना पर कार्य

**इंदौर।** नगरीय विकास एवं आवास विभाग इंदौर को सिग्नल-लैस शहर बनाने की योजना पर कार्य कर रहा है। इसका उद्देश्य शहर में यातायात को निर्बाध रूप से संचालित करना है। योजना के तहत फ्लाई-ओवर, बाय-लेन, अंडर पास और इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम जैसी पहल लागू की जा रही हैं। योजना के पूरा होने पर इंदौर शहर में नागरिकों का यात्रा समय कम होगा और ट्रैफिक सुचारु रहेगा।

सिग्नल-लैस योजना तेजी से बढ़ते शहरी यातायात को सुविधाजनक बनाने और यात्रा समय को कम करने में मदद करेगी। ऑर्टीफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग यातायात प्रबंधन को अधिक स्मार्ट और कुशल बनाने में

**यातायात में एआई तकनीक का भी उपयोग**

भी किया जा रहा है। इस तकनीक से दुर्घटनाओं में कमी भी आयेगी।

**शहरी लोक परिवहन**-विभाग द्वारा प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में 1330 बसों का संचालन शहरी मार्गों पर किया जा रहा है। शहरी क्षेत्रों में पर्यावरण को स्वच्छ बनाये रखने की दृष्टि से पीएम ई-बस सेवा में 552 ई-बसों का प्रस्ताव केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय को भेजा गया है। बस डिपो अधोसंरचना के प्राक्कलन भोपाल, इंदौर, जबलपुर, उज्जैन एवं सागर के स्वीकृत किये गये हैं।

इसी के साथ चार्जिंग अधोसंरचना के प्राक्कलन भोपाल, जबलपुर, उज्जैन एवं सागर की स्वीकृत किये गये हैं। प्रदेश के 3 शहरों भोपाल, इंदौर एवं जबलपुर में इलेक्ट्रिक वाहनों के संचालन को बढ़ावा देने के लिये 217 ई-चार्जिंग अधोसंरचना विकास का कार्य विभाग द्वारा किया जा रहा है।

CRIME

## घायल युवक ने दम तोड़ा

**इन्दौर।** पिंक सिटी देवास नाका में रहने वाले अतुल डांगरे व उसका भाई पवन पिता गुलाबसिंह डांगरे बाइक से फोनिक्स माल बायपास से जा रहे थे। तभी टाटा एस लोडिंग वाहन क्रमांक एमपी 41 एलए 1177 के चालक ने टक्कर मार दी थी जिससे पवन गंभीर रुप से घायल हो गया था, उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर लोडिंग वाहन चालक पर केस दर्ज किया है।

## महिला ने लगाई फांसी

**इंदौर।** बेटे की मौत के बाद डिप्रेशन में चल रही महिला ने फांसी लगाकर जान दे दी। घटना तेजाजी नगर थाना क्षेत्र के मोरोद गांव की है। मृतका का नाम कविता पति लालसिंह(36) है। पुलिस के मुताबिक, कविता के बेटे की बीमारी के चलते दो साल पहले निधन हो गया था, तभी से वह तनाव में थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

## दो को किया जिलाबदर

**इंदौर।** लगातार अपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहने वाले प्रिंस राठौर और शैलेन्द्र उर्फ बाबा को पुलिस आयुक्त ने जिलाबदर किया है। प्रिंस निवासी ऋषि पैलेस कालोनी पर विभिन्न थानों में अवैध वसूली, मारपीट करना, गाली गलौज करना, जान से मारने की धमकी देना, अपहरण, दुष्कर्म, हत्या का प्रयास, आगजनी तथा शैलेंद्र पिता नारायण वागले निवासी भावना नगर पर अवैध वसूली, मारपीट, लूट, चोरी के कई केस दर्ज हैं।

## गाडियों में तोडफ़ोड़


**इंदौर।** मल्हारगंज थाना क्षेत्र में एक उद्योगपति के घर के बाहर पार्क की गई कार को बदमाशों ने नुकसान पहुँचाया। घटना देर रात की है, जब आरोपियों ने गाडिय़ों में तोडफ़ोड़ की। इस वारदात में शामिल बदमाश सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए हैं।

## कोरियर सेंटर में चोरों का धावा

**इन्दौर।** कोरियर सेंटर का ताला तोड़कर बदमाश 2 पार्सल और मोबाइल चुरा ले गए। विजयनगर पुलिस को फरियादी गौतम पिता नारायण जमरिया ने बताया कि उसका विजयनगर में तिरूपति कुरियर सर्विस सेंटर है, जहां अज्ञात व्यक्ति ने ताला तोड़ा और अंदर प्रवेश कर वहां वारदात की।

# डॉक्टर, कम्प्यूटर इंजीनियर और प्रोफेसर जैसे शिक्षित भी बन रहे साइबर ठगों के शिकार

**इंदौर।** आनलाइन ठगी और डिजीटल अरेस्ट के मामले रोकने पुलिस लगातार जागरूकता अभियान चला रही है। अभियान के लिए सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों का सहारा लिया जा रहा है। इसके बावजूद लोग ठगों की बातों में आकर रुपए गंवा रहे हैं। क्राइम ब्रांच और थानों में संचालित साइबर हेल्प डेस्क पर जनवरी से अब तक (सात मार्च) करीब सवा दो माह में डेढ़ करोड़ रुपए ठगों के हवाले कर चुके हैं। ठगों ने डॉक्टर, कम्प्यूटर इंजीनियर, प्रोफेसर जैसे उच्च शिक्षित लोगों को शिकार बनाया। पिछले दिनों डॉक्टर को उसके दो मित्रों ने शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर 50



लाख रुपए की चपत लगाई थी। इसके पहले सेवानिवृत्त प्रोफेसर को अलग-अलग बातों में उलझाकर 40 लाख रुपए ऐंठ लिए थे। लीवर ट्रांसप्लांट के लिए डॉक्टर ने अपने बैंक खाते में लाखों रुपए जमा किए थे। ठग ने डॉक्टर से करीब 30 लाख रुपए धोखाधड़ी से वसूल कर लिए थे। क्राइम ब्रांच थाने में शिकायत के बाद पुलिस ने डॉक्टर को 23 लाख रुपए रिफंड कराए थे। राऊ में रहने वाले कम्प्यूटर इंजीनियर को रिसोर्ट बुक कराने के नाम पर चपत लग गई थी। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष 2024 में आनलाइन ठगी और डिजीटल अरेस्ट के 12 हजार मामले दर्ज हुए थे, जिससे पुलिस की नींद उड़ गई थी। इसके बाद साइबर फ्राड के मामले रोकने पुलिस आयुक्त संतोषसिंह ने मातहतों को निर्देश दिए थे। मातहत अपने स्तर पर साइबर फ्राड से बचाव के तरीकों से आमजन को अवगत करा रहे हैं।

# वन विभाग ने दो अवैध लकड़ी तस्करों के खिलाफ की सख्त कार्रवाई

**इन्दौर।** वन विभाग ने हाल ही में अवैध लकड़ी तस्करों के खिलाफ एक सख्त अभियान चलाया। इस कार्रवाई में, अवैध लकड़ी से भरी दो गाडिय़ाँ पकड़ी गईं। अधिकारियों को मिली सूचना के आधार पर, सांवेर रोड क्षेत्र में महिंद्रा पीकअप गाड़ी नंबर एमपी-09-झेड एल 29 94 को रोका गया, जिसमें जलाऊ लकड़ी थी। इस मामले में आरोपी डालचंद पीता उदय राम को गिरफ्तार कर लिया गया और गाड़ी को वन मंडल भेजा गया।



इसके अलावा, नावदापंथ से भी अवैध लकड़ी की एक गाड़ी पकड़ी गई। इस गाड़ी का नंबर एमपी-09-जीजी-5780 था, जो अशोक लीलेंड की थी। इसकी जांच के दौरान चिरान लकड़ी बरामद हुई। गाड़ी के चालक मनोज, निवासी 63 गणेश नगर चंदन नगर, को गिरफ्तार किया गया और गाड़ी को वन विभाग के कार्यालय नवरतन बाग भेजा गया।

वन विभाग के अधिकारियों ने जानकारी देते हुए कहा कि यह अभियान अवैध लकड़ी की तस्करी की रोकथाम के लिए चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि भविष्य में भी ऐसे मामलों में कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। साथ ही, लोगों से अपील की गई कि वे अवैध गतिविधियों की सूचना देने में सहयोग करें।



## रेजिडेंसी कोठी स्थिति सरकारी क्वार्टर में लगी भीषण आग

**इन्दौर।** रेजिडेंसी कोठी के पीछे बने सरकारी क्वार्टर के मैदान में भीषण आग लग गई। स्थानीय लोगों के मुताबिक, आग झाड़ियों में धधकी, जिससे आग तेजी से फैलने लगी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिग्रेड की टीम मौके पर पहुंची। दमकलकर्मियों ने आग बुझाने के लिए दो टैंकर से अधिक पानी लगाया। काफी प्रयासों के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन स्थिति ने स्थानीय निवासियों में भय का वातावरण बना दिया। आग लगने के कारणों की जांच जारी है।

## निजी इंस्टिट्यूट पर फर्जी वीडियो का मामला, पुलिस ने दर्ज की शिकायत

**इंदौर।** शहर के एक निजी इंस्टीट्यूट की डायरेक्टर ने क्राइम ब्रांच में शिकायत दर्ज कराई है कि सोशल मीडिया पर एआई और डीप फेक तकनीक का इस्तेमाल करके एक फर्जी वीडियो शेयर किया गया है, जिससे इंस्टीट्यूट की प्रतिष्ठा को नुकसान हो रहा है। डायरेक्टर गीतिका जैन ने कहा कि वायरल वीडियो में उनके पति विजित जैन की छवि को खराब करने के लिए अभद्र बातें जोड़ी गई हैं।

डीसीपी क्राइम राजेश कुमार त्रिपाठी के अनुसार, यह वीडियो करीब 6 साल पुराना है और पहले भी इस संबंध में संयोगितागंज थाने में शिकायत की गई थी। इंस्टीट्यूट के एमडी विजित जैन ने वीडियो को खारिज करते हुए कहा कि उन्हें मानसिक तंगाई भी झेलनी पड़ रही है। उन्होंने बताया कि एक तकनीकी टीम मामले की जांच कर रही है।

### चोरों ने छुड़ाए छक्के

# पूर्व क्रिकेटर नरेन्द्र हिरवानी के घर से ले गए लाखों का सामान

**इन्दौर।** पुलिस की निष्क्रियता के चलते बदमाशों ने पूर्व क्रिकेटर के घर पर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। सुखलिया के एएफएच सेक्टर में हुई वारदात। रहवासी क्षेत्र में चोर की घटना ने पुलिस की पोल खोल दी है। क्रिकेटर की पत्नी नमिता हिरवानी ने बताया कि वह पेशे से प्रोफेसर है। घर के सभी सदस्य सो रहे थे। जब नींद खुली तो सामान अस्त- व्यस्त पड़ा था। मेन गेट का नकूचा भी टूटा हुआ था। चोर उनके घर से दो सोने की अंगूठियां, चार चांदी के कड़े, चांदी की पायल, बिछिया और आर्टिफिशियल गहने समेत अन्य कीमती सामान ले गए। घटना की जानकारी पीडि़ता ने पुलिस को शिकायत की। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए। रहवासियों का कहना है कि इस क्षेत्र में मार्निंग वॉक के समय भी कई वारदातें हो चुकी है, लेकिन पुलिस बदमाशों पर कार्रवाई नहीं करती।



**सीए के ऑफिस को भी नहीं छोड़ा-** चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) के ऑफिस से बदमाशों ने लाखों के आभूषण और नकदी चुरा ली। घटना साउथ तुकोगंज स्थित मानव ट्रेड सेंटर की है। फरियादी अभिजीत महाजन ने बताया कि दो दिन पहले रात में ऑफिस बंद करके गए थे। सुबह जब उनकी महिला कर्मचारी ऑफिस पहुंची तो ताला टूटा हुआ मिला। अंदर का सामान बिखरा पड़ा था और केबिन की दराजों के लॉक भी टूटे हुए थे। चोर ऑफिस से 50 हजार रुपए नकद, चांदी के कुछ आभूषण और सोने का पेंडल चुरा ले गया।

## देशी कट्टे के साथ बदमाश धराया

**इन्दौर।** चेकिंग अभियान के दौरान राजेंद्रनगर पुलिस ने प्रतीक सेतु ब्रिज से सन्नी रैकवाल निवासी बजरंग नगर कांकड़ शिप्रा को देशी कट्टा और कारतूस के साथ पकड़ा।

## बीमारी से तंग हेड कांस्टेबल ने लगाई फांसी

**इन्दौर।** सराफा थाने में पदस्थ हेड कांस्टेबल ने अपने सरकारी आवास में फांसी लगाकर जान दे दी। वह लंबे समय से गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। पुलिस के मुताबिक, चौथी पल्टन निवासी नवीन शर्मा (40) रोजाना की तरह रात घर पहुंचे।



सुबह वह सामान्य थे। घर में पत्नी और बच्चे दूसरे कमरे में काम कर रहे थे। तभी दोपहर एक बजे के लगभग खाना खाकर नवीन अपने कमरे में चला गया। जब एक घंटे बाद पत्नी ने ड्यूटी पर जाने के लिए नवीन को आवाज लगाई तो उसने दरवाजा नहीं खोला। पत्नी समझी नींद लग गई होगी।

थोड़ी देर बाद फिर दोबारा दरवाजा खटखटाने पर भी नहीं खोला तो उसे शक हुआ। खिड़की से झांककर देखा तो नवीन पंखे में साड़ी से लगाए फंदे से लटका था। तत्काल शोर मचाकर आसपास के लोगों और पुलिस को बुलाया। दरवाजा तोड़कर नवीन को फंदे से उतारा और निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। नवीन 2009 की बैच का था। मल्हारगंज पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

## इंदौर अभिभाषक संघ के चुनाव शीघ्र

**इंदौर।** हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव के बाद अब इंदौर अभिभाषक संघ के चुनाव कराए जाएंगे। यह चुनाव आगामी 15 अप्रैल को होंगे। चुनाव के लिए दो अप्रैल को नामांकन प्रपत्र का वितरण, 5-7-8 को नामांकन फार्म दोपहर एक से शाम 4 बजे तक जमा किए जाएंगे। 9 को वैध नामांकनों की सूची सुबह 11 से शाम पांच बजे, नाम वापसी 12 अप्रैल को दोपहर एक से दो बजे, प्रत्याशियों की अंतिम सूची का प्रकाशन 12 को शाम पांच बजे होगा। 15 अप्रैल को सुबह 11 से शाम 4 बजे तक मतदान के बाद मतगणना शुरू होगी।




## मध्यप्रदेश में पीएम आवास के तहत 8 महीने में 13 लाख लोगों को मिलेगी पक्की छत

**भोपाल।** विधानसभा का बजट सत्र में राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने अभिभाषण में कहा की सरकार एक लाख किमी सड़क निर्माण की योजना, 30 लाख किसानों को सोलर पंप, केन-बेतवा, पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी जोड़ो परियोजना व ताप्ती ग्राउंड वाटर रिचार्ज जैसी मेगा परियोजनाओं से सिंचाई का रकबा एक करोड़ हेक्टेयर करने जैसे कार्यों का उल्लेख किया।

पीएम आवासों का लाभ देने में नंबर वन मध्यप्रदेश के लोगों को चार साल में 24.89 लाख पीएम आवास मिलेंगे। इनमें से 13 लाख आवास निर्माणाधीन है। निर्माण 6-8 महीने में पूरा हो जाएगा। एक साल के भीतर 13 लाख परिवार निवास करने लगेंगे। गंगा जल लेकर पहुंचेः जबलपुर उत्तर मध्य से भाजपा विधायक अभिलाष पांडे गंगाजल का कलश लेकर सदन पहुंचे। कहा कि महाकुंभ से 15000 लीटर गंगा जल लाया था। अपनी विधानसभा के 50 हजार घरों में बंटवाया है। कांग्रेस विधायकों को गंगाजल देने के सवाल पर कहा कि गंगा का जल उसी के पास जाता है जिसकी आस्था होती है। 36 लाख का निर्माण पूराः अब तक 11.89 लाख आवास आवंटित करने का ही आंकड़ा सामने आ रहा था, लेकिन सदन में राज्यपाल के अभिभाषण में पीएम आवास का पूरा लेखा-जोखा सामने आया है। बता दें कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रदेश में अब तक 36 लाख आवासों का निर्माण पूरा हो चुका है।

# मध्यप्रदेश लॉजिस्टिक्स सेक्टर में नए निवेश की बढ़ी संभावनाएं : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग के क्षेत्र में अभूतपूर्व बदलाव आ रहा है। देश के केंद्र में स्थित होने के कारण यह प्रदेश उत्तर-दक्षिण और पूर्व-पश्चिम के व्यापार मार्गों को सुविधाजनक रूप से जोड़ते हुए एक प्रमुख लॉजिस्टिक्स हब के रूप में उभर रहा है। आधुनिक बुनियादी ढांचे, मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी और उद्योग समर्थक नीतियों के कारण प्रदेश निवेशकों के लिए नए अवसरों का द्वार खोल रहा है। लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में की जा रही रणनीतिक पहलों से मध्यप्रदेश अब सिर्फ ट्रांजिट पॉइंट नहीं, बल्कि पूरे भारत की आपूर्ति श्रृंखला का एक मजबूत आधार बन रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश तेजी से लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग के हब के रूप में उभर रहा है। अपनी भौगोलिक स्थिति, उत्कृष्ट बुनियादी ढांचे और उद्योग अनुकूल नीतियों के कारण यह प्रदेश निवेशकों के लिए एक आकर्षक गंतव्य बन गया है। मल्टी-मॉडल



कनेक्टिविटी, अत्याधुनिक लॉजिस्टिक्स पार्क और डिजिटल ट्रैकिंग सिस्टम जैसी सुविधाएं इसे लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में नई ऊंचाइयों पर ले जा रही हैं।

**बेहतर सड़कों और कॉरिडोर से लॉजिस्टिक्स को नई दिशा**-प्रदेश में लॉजिस्टिक्स को मजबूती देने के लिए राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों का तेज़ी से विस्तार किया गया है। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे, उत्तर-दक्षिण फ्रेट कॉरिडोर और भारतमाला परियोजना प्रदेश को लॉजिस्टिक्स नेटवर्क में एक महत्वपूर्ण केंद्र बना रही हैं। इंदौर और भोपाल में विकसित हो रहे मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क (एमएमएलपी) व्यापार को आसान और लागत प्रभावी बना रहे हैं।

**हवाई मार्ग से निर्यात और उद्योग को नई गति**-प्रदेश के छह प्रमुख हवाई अड्डों पर एयर कार्गो सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है, जिससे लॉजिस्टिक्स सेक्टर को बड़ी ताकत मिल रही है। रीवा हवाई अड्डे के चालू होने से व्यापार और औद्योगिक परिवहन को नई रफ्तार मिली है। फार्मा, टेक्सटाइल, ऑटोमोबाइल और खाद्य प्र-संस्करण जैसे उद्योगों को अब कम समय में बेहतर लॉजिस्टिक्स सेवाएं उपलब्ध हो रही हैं।

## दिग्गज नेता राहुल गांधी को भोपाल कोर्ट ने समन जारी कर पेश होने को कहा

**भोपाल।** जिला कोर्ट ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को समन भेजा है। राहुल गांधी पर 2018 के मध्य प्रदेश चुनाव प्रचार के दौरान



मानहानि का आरोप है। उन्होंने शिवराज सिंह चौहान और उनके बेटे कार्तिकेय चौहान के खिलाफ पनामा पेपर्स में नाम होने का आरोप लगाया था। कोर्ट ने उन्हें 9 मई को पेश होने का आदेश दिया है। यह मामला झाबुआ में हुई एक चुनावी रैली से जुड़ा है। राहुल गांधी ने झाबुआ में एक रैली को संबोधित किया था। इस रैली में उन्होंने तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और उनके बेटे कार्तिकेय चौहान पर पनामा पेपर्स लीक में नाम आने का आरोप लगाया था।

## मध्य प्रदेश में सरकारी कर्मचारियों को 1 अप्रैल 2025 से सातवें वेतनमान के अनुसार भत्ते मिलने शुरू होंगे

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में सरकारी कर्मचारियों के लिए खुशखबरी है। राज्य सरकार ने अपने नए बजट में कर्मचारियों के भत्तों में बड़ा बदलाव करने का ऐलान किया है। वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने 12 मार्च 2025 को पेश किए गए बजट में बताया कि 1 अप्रैल 2025 से कर्मचारियों को 7वें वेतन आयोग के अनुसार भत्ते दिए जाएंगे। अभी तक कर्मचारियों को 6वें वेतन आयोग के हिसाब से भत्ते मिल रहे थे, जो 13 साल पुराने थे। इस बदलाव से कर्मचारियों को बड़ी राहत मिलेगी, खासकर परिवहन और पेट्रोल भत्ते में, जो अब तक काफी कम थे।




**7वें वेतन आयोग के अनुसार भत्ता**-मध्य प्रदेश के वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने बजट भाषण में घोषणा की कि राज्य के सरकारी कर्मचारियों को अब 7वें वेतन आयोग के अनुसार भत्ते मिलेंगे। यह नया नियम 1 अप्रैल 2025 से लागू होगा। पिछले 13 सालों से, कर्मचारियों को 2010 में निर्धारित 6वें वेतन आयोग के आधार पर भत्ते मिल रहे थे। इस लंबे अंतराल में महंगाई काफी बढ़ गई है, जिससे पुराने भत्ते कम पड़ रहे थे। इस बदलाव से कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा।

**भत्ता था काफी कम**-वित्त मंत्री ने बताया कि 6वें वेतन आयोग के तहत परिवहन भत्ता मात्र 200 रुपये और पेट्रोल भत्ता 106 रुपए प्रति सप्ताह था। यह राशि वर्तमान समय की आवश्यकताओं के हिसाब से काफी कम है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में हुई बढ़ोतरी को देखते हुए यह बदलाव जरूरी हो गया था। सरकार के इस फैसले से कर्मचारियों को बड़ी राहत मिलेगी।

## सिक्किम सरकार ने पर्यटकों से 50 रुपये प्रवेश शुल्क लेना शुरू किया



सिक्किम सरकार ने राज्य में आने वाले पर्यटकों से प्रवेश शुल्क के रूप में 50 रुपये लेना शुरू कर दिया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सिक्किम पर्यटक व्यापार पंजीकरण नियम 2025 के तहत प्रवेश शुल्क लेना इस महीने से लागू हो गया है। अधिकारियों ने बताया कि यह शुल्क होटलों में 'चेक-इन' के दौरान वसूला जा रहा है और इसे राज्य भर में पर्यटन अवसंरचना और सेवाओं में सुधार के लिए पर्यटन स्थिरता विकास (टीएसडी) कोष में जमा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों को छोड़कर सभी पर्यटकों से 30 दिनों तक ठहरने के लिए यह शुल्क लिया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि अगर कोई पर्यटक एक महीने बाद फिर से आता है, तो उससे भी यह शुल्क लिया जाएगा।

## भोपाल मंडल की बेटी का दिल्ली में सम्मान

**भोपाल।** पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल मंडल के नाम एक और गौरवशाली उपलब्धि जुड़ गई है। भोपाल मंडल की इटारसी स्थित वैगन रिपेयर वर्कशॉप में पदस्थ तकनीशियन-II (वेल्डर) कल्पना चौरे ने अपने कठिन परिश्रम, समर्पण और साहसिक कार्यशैली से राष्ट्रीय स्तर पर भोपाल मंडल का नाम रोशन किया है।

## भोपाल के 2 विद्यार्थी प्रेरणा कार्यक्रम से जुड़े

**भोपाल।** केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने 'प्रेरणा' एक अनुभावात्मक शिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है। भोपाल के 2 विद्यार्थियों को इस कार्यक्रम से जुड़ने का मौका मिला है। इन विद्यार्थियों ने कार्यक्रम से अपनी विरासत और संस्कृति पर गर्व करने के साथ एक अच्छे नागरिक बनने के गुण भी सीखे हैं। केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय के



प्रेरणा कार्यक्रम में भोपाल के चयनित 2 विद्यार्थी छात्रा मुस्कान मालवीय पीएमस्कूल बरखेड़ा और छात्र आशुतोष द्विवेदी महात्मा गांधी सीएम राइज स्कूल पिपलानी ने 7 दिन गुजरात के बड़नगर में प्रशिक्षण प्राप्त किया। इनके साथ शिक्षक सुभूमेश्वरी पारधी ने भी प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

## स्कूल शिक्षा विभाग ने केन्द्र सरकार को भेजा प्रस्ताव, स्कूलों में प्रारंभ होगी व्यावसायिक शिक्षा

**भोपाल।** प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा लागू की जा रही नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रत्येक बिंदु को ठोस तरीके से लागू किये जाने के प्रयास किये जा रहे है। नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में तेजी से बढ़ती हुई विश्व की अर्थव्यवस्था में भारतीयों का किस प्रकार से योगदान हो उसकी चिंता की गई है। बढ़ती हुए आबादी के साथ जनता के लिये उनकी शिक्षा, कौशल और आकांक्षाओं के अनुरूप रोजगार का सृजन एक महत्वपूर्ण चुनौती है। इस बात को ध्यान में रखते हुए स्कूल शिक्षा विभाग सरकारी स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा पर जोर दे रहा है।

स्कूल शिक्षा विभाग ने नये शैक्षणिक सत्र में 700 नये उच्चतर माध्यमिक



विद्यालयों में नये ट्रेड एवं जॉब रोल्स शुरू करने का प्रस्ताव केन्द्र सरकार के शिक्षा विभाग को भेजा है। यह ट्रेड 21वीं सदी के नवीन कौशल उन्नयन पर आधारित है। वर्तमान में 2383 विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा के कोर्स चल रहे है। इन्हें मिलाकर प्रदेश में व्यावसायिक शिक्षा देने वाले स्कूलों की संख्या 3 हजार से अधिक हो जायेगी। इन कोर्स में उन्नत कृषि को बढ़ावा देने पर बल दिया गया है। डेयरी विकास से जुड़े कोर्स कन्स्ट्रशन ट्रेड अंतर्गत मेशन सहायक, कंस्ट्रशन पेन्टर, असिस्टेंट डिजाइनर, फैशन, हाउसकीपिंग, ऑफिस एडमिनिस्ट्रेशन एण्ड मैनेजमेंट के जॉब रोल्स भी प्रारंभ किये जायेंगे।

# उज्जैन में शक्तिपीठ हरसिद्धि मंदिर में चैत्र नवरात्र के दौरान उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भीड़


**उज्जैन।** चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर 30 मार्च को देवी आराधना का पर्व चैत्र नवरात्र का आरंभ होगा। तिथि मतांतर से इस बार नवरात्र आठ दिन के रहेंगे। खास बात यह है कि महापर्व के दौरान चार दिन रवियोग तथा तीन दिन सर्वार्थसिद्धि योग का संयोग रहेगा।

साधना, आराधना की दृष्टि से यह योग बेहद महत्वपूर्ण है। इन योगों में की गई साधना साधक, आराधक को शुभ व मनोवांछित फल प्रदान करती है। ज्योतिषाचार्य पं. अमर डब्बावाला ने बताया चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर 30 मार्च को रविवार के दिन वासंती नवरात्र का आरंभ होगा।

**सर्वार्थसिद्धि योग होने से इसकी शुभता और बढ़ी-**इस दिन रेवती नक्षत्र, बव करण तथा मनी राशि उपरांत मेष राशि का चंद्रमा रहेगा। पंचांग के इन पांच अंगों की मौजूदगी में घट स्थापना का अनुक्रम रहेगा। रेवती पंचक का नक्षत्र है, ऐसे में नवरात्र में की गई देवी की साधना, आराधना पांच गुना शुभफल प्रदान करेगी।

इस दिन सर्वार्थसिद्धि योग होने से इसकी शुभता और भी बढ़ गई है। क्योंकि सर्वार्थसिद्धि योग सभी प्रकार की सिद्धि प्रदान करने वाला मना गया है।





इस बार नवरात्र का आरंभ और रेवती नक्षत्र में होने से यह विशेष फल प्रदान करेगी क्योंकि रेवती नक्षत्र पंचक का पांचवां नक्षत्र माना जाता है। पांचवां नक्षत्र शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से आरंभ होता है, तो विशेष कल्याणकारी माना गया है। अलग-अलग प्रकार के धर्म ग्रंथो में विशेष कर मुहूर्त चिंतामणि में इसका उल्लेख दिया गया है। इस दृष्टि से भी नवरात्र के दौरान की गई साधना विशेष फल प्रदान करेगी।

**तिथि का क्षय होने से 8 दिन की नवरात्रि-**इस बार नवरात्र आठ दिनों के रहेंगे। अलग-अलग पंचांगों में तिथि को लेकर के अलग-अलग प्रकार की गणना में बताया गया है। कुछ पंचांगों में तृतीया, कुछ पंचांग में द्वितीया तथा कुछ पंचांग में तृतीया व चतुर्थी संयुक्त दी गई है। इस दृष्टि से गणना का अलग-अलग प्रभाव दिया गया है।

**वर्षभर में चार नवरात्र विशेष-**पं.डब्बावाला ने बताया देवी की साधना, आराधना के लिए वर्षभर में चार नवरात्र विशेष माने गए हैं। इनमें दो प्राकट्य व दो गुप्त नवरात्र बताए हैं। चैत्र व शारदीय नवरात्र को प्राकट्य नवरात्र कहा जाता है।

वहीं माघ व आषाढ़ मास के नवरात्र गुप्त नवरात्र कहे गए हैं। लोकमान्यता में चैत्र नवरात्र बड़ी नवरात्र है, क्योंकि यह सृष्टि के आरंभ का दिन है। उज्जैन के लिए यह नवरात्र विशेष है, क्योंकि इसी दिन नगर दिवस भी मनाया जाता है।

देश के 52 शक्तिपीठों में से एक शक्तिपीठ हरसिद्धि मंदिर में चैत्र नवरात्र में देवी का नित नया श्रृंगार होगा। शाम को गोधूलि वेला में दीपमालिका प्रज्वलित की जाएगी। सिद्धपीठ गढ़कालिका माता मंदिर में भी दीपमालिका प्रज्वलित होगी। भक्त माता गढ़कालिका की कुमकुम पूजा करेंगे। शहर के अन्य देवी मंदिरों में दर्शनार्थियों का तांता लगा रहेगा।



## पहले आमजन परेशान था, अब किसान

**इंदौर।** गरीबों की चटनी में स्वाद बढ़ाने वाला लहसुन अब बेहद सस्ता हो गया है। कुछ समय पहले 300-400 प्रति किलो बिकने वाला लहसुन अब 100 किलो से भी कम में उपलब्ध है। इसके साथ ही हरा धनिया और मिर्च के दाम भी घट गए हैं, जिससे आम आदमी राहत महसूस कर रहा है।

मंडी में लहसुन की जबरदस्त आवक इसकी कीमतों में गिरावट का प्रमुख कारण है। देवी अहिल्या माता फल एवं सब्जी मंडी में लहसुन बेचने आए किसानों के चेहरे पर मायूसी देखी जा सकती है। दो महीने पहले लहसुन के दाम 22,000 प्रति क्विं. तक पहुंच गए थे, लेकिन अब यह केवल 3,000 से 6,000 प्रति क्विं. के बीच बिक रहा है।

महाराष्ट्र, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के मालवा-निमाड़ क्षेत्र से भारी मात्रा में लहसुन मंडी में आ रहा है, जिससे रोजाना 15,000-20,000 क्विं. की आवक हो रही है। किसानों का कहना है कि लहसुन की उत्पादन लागत 40,000 प्रति क्विं. तक आती है, लेकिन वर्तमान कीमतें लागत से बहुत कम हैं।

किसानों ने सरकार से मांग की है कि उन्हें उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाया जाए, ताकि उनकी मेहनत का सही मुआवजा मिल सके। आने वाले दिनों में फसल की आवक और बढ? से कीमतों में और गिरावट की आशंका है, जिससे किसानों की परेशानी और बढ़ सकती है।

## जल्द ही प्रदेशभर में तैयार होंगे एक लाख जलदूत, उज्जैन में होगा गंगा जल संवर्धन अभियान का शुभारंभ

**भोपाल।** जल की बूंद-बूंद बचाएं, जल से ही हमारा कल सुरक्षित होगा। 90 दिवसीय प्रदेशव्यापी गंगा जल संवर्धन अभियान की शुरुआत 30 मार्च को उज्जैन में शिप्रा तट से होगी। 30 मार्च से 30 जून तक अभियान चलेगा। बुधवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 'जल गंगा जल संवर्धन अभियान' की बैठक ये निर्देश दिए। पंचायत एवं ग्रामीण विकास, जल संसाधन सहित 12 से अधिक विभाग इसमें सहभागिता करेंगे। अभियान में 50 हजार नए खेत-तालाबों का निर्माण होगा। अभियान के क्रियान्वयन संबंधी बैठक में मुख्यमंत्री ने जल संरक्षण में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने जल भंडारण के लिए सभी जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि जलस्रोतों का रखरखाव अब पंचायतें एवं स्थानीय जन करेंगे। अभियान में प्रदेशभर में एक लाख जलदूत तैयार किए जाएं।

**अभियान में होंगी ये गतिविधियां-**प्रदेश की सभी नहरों को राजस्व विभाग की सहायता से



विलेज-मैप पर मार्क कर शासकीय नहर के रूप में अंकित किया जाएगा। बांध तथा नहरों को अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा।नहर के अंतिम छोर पर जहां नहर समाप्त होकर किसी नाले मे मिलती है, उस स्थान पर किलोमीटर स्टोन लगाया जाएगा। करीब 40 हजार किलोमीटर लंबी नहर प्रणाली में मनरेगा की सहायता से सफाई कार्य किए जाएंगे। जलाशयों में रिसाव रोकने के उपाय भी किए जाएंगे। तालाब के पाल (बंड) की मिट्टी के कटाव अथवा क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में उन्हें पुनः निर्मित किया जाएगा। तालाबों की पिचिंग, बोल्डर टो तथा घाट आदि की मरम्मत कार्य किए जाएंगे। स्टापडैम, बैराज, वियर में गेट लगाना तथा मेन वाल, साइड वाल, की वाल, एप्रान इत्यादि में मरम्मत/अतिरिक्त निर्माण कार्य किए जाएंगे। जल संरचनाओं के किनारों पर यथासंभव बफर जोन तैयार कर जल संरचनाओं के किनारों पर अतिक्रमण को रोकने के लिए फेंसिंग के रूप में अधिकाधिक पौधारोपण किया जाएगा।

## पीसी सेठी अस्पताल का पुराना भवन तोड़ने का कार्य शुरू

**इंदौर।** जीपीओ चौराहा स्थित पीसी सेठी अस्पताल के पुराने भवन को तोडने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। पीडब्ल्यूडी ने इसका कॉन्ट्रैक्ट भोपाल से दिया है। यहां जी प्लस टू बिल्डिंग का निर्माण प्रस्तावित है, जिससे लैब और डॉक्टर्स के रूम को अस्थायी रूप से टीन शेड में शिफ्ट किया जाएगा।



अस्पताल अधीक्षक डॉ. वीरेंद्र राजगीर के अनुसार, नए भवन के प्रवेश द्वार पर शेड तैयार कर लिया गया है, जहां इन विभागों की शिफ्टिंग की तैयारी की जा रही है। हालांकि, डॉक्टर्स ने इस फैसले पर विरोध जताया है, क्योंकि टीन शेड में गर्मी और बारिश के दौरान काम करना मुश्किल होगा।

**विभागों का अस्थायी स्थानांतरण-**माइक्रोबायोलॉजी लैब, पैथोलॉजी, टीबी जांच कक्ष, ब्लड स्टोरेज यूनिट, आईसीटीसी व डॉक्टर्स रूम - टीन शेड में, पुरानी इमारत की किचन व ट्रेनिंग रूम-नए भवन की दूसरी और चौथी मंजिल पर।

**मौजूदा अस्पताल व्यवस्था-**पीसी सेठी अस्पताल पहले से 110 बिस्तरों के साथ पांच मंजिला भवन में संचालित हो रहा है। इसमें गर्भवती महिलाओं और प्रसूताओं के लिए चार बड़े और चार छोटे वार्ड उपलब्ध हैं। डॉक्टर्स के अनुसार, जिला अस्पताल का नया भवन तैयार होने के बाद विभागों को वहां शिफ्ट किया जा सकता था, लेकिन इस सुझाव पर ध्यान नहीं दिया गया।



## गोपाल मंदिर दुकानदारों को 31 मार्च तक लीज एग्रीमेंट संपादित करने का निर्देश

**इंदौर।** संभागायुक्त दीपक सिंह ने गोपाल मंदिर में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक में सभी दुकानदारों को 31 मार्च तक प्रीमियम राशि एवं लीज एग्रीमेंट संपादित कराने के निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त आयुक्त सपना लोवंशी, उपायुक्त शैली कनास, और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। सिंह ने सभी अधिकारियों को विधिवत आवंटन प्रक्रिया सुनिश्चित करने की बात कही। निर्धारित समय से आगे रिक्त दुकानों और निविदाओं को निरस्त कर दिया जाएगा। साथ ही,मंदिरों में दान राशि प्राप्ति के लिए क्यूआर कोड लगाने का भी निर्देश जारी किया गया है। अधिकारियों ने अपने सुझाव भी साझा किए।

# देश में मुसलमानों के खिलाफ 'शक्तियों के मनमाने इस्तेमाल' की घटनाओं में इजाफा : ओवैसी

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने मुसलमानों के खिलाफ ''शक्तियों के मनमाने इस्तेमाल'' की बढ़ती घटनाओं का आरोप लगाते हुए कहा कि सम्मान और गरिमा संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकार हैं।

ओवैसी ने यहां एक सभा को संबोधित करते हुए महाराष्ट्र में एक मस्जिद पर कथित हमले और भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी की टिप्पणी का जिक्र करते हुए यह बात कही।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता शुभेंदु अधिकारी ने एक बयान में कहा था कि अगर भाजपा सत्ता में आई तो तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के मुस्लिम विधायकों को पश्चिम बंगाल विधानसभा से बाहर कर दिया जाएगा।

ओवैसी ने उत्तर प्रदेश के भाजपा के एक नेता की टिप्पणी का भी उल्लेख किया, जिन्होंने सुझाव दिया था कि होली के दौरान असुविधा से बचने के लिए मुस्लिम पुरुषों को तिरपाल से बने हिजाब पहनने चाहिए।




होली के अवसर पर घर पर ही नमाज अदा करने संबंधी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की टिप्पणी का उल्लेख करते हुए ओवैसी ने संविधान के अनुच्छेद-25 का हवाला दिया जो धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी देता है।

उन्होंने कहा कि वह धर्म के बारे में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से नहीं, बल्कि धार्मिक विद्वानों से सीखेंगे। हैदराबाद से सांसद ओवैसी ने कहा, ''एक मुख्यमंत्री कह रहे हैं कि जुमे की नमाज घर पर भी पढ़ी जा सकती है... क्या मुझे उनसे धर्म के बारे में सीखना चाहिए? यहां धर्म की स्वतंत्रता है। ... हम मस्जिद जाएंगे। क्योंकि, हमें धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार है। संविधान का अनुच्छेद-25 मुझे इसकी अनुमति देता है। मैं अपना धर्म आपसे नहीं सीखूंगा।''

योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में मीडिया को संबोधित करते हुए होली के मद्देनजर शुक्रवार की नमाज अपराह्न दो बजे के बाद करने का निर्णय लेने के लिए धार्मिक नेताओं को धन्यवाद दिया।

ओवैसी ने 1947 के विभाजन का उल्लेख करते हुए कहा कि जिन लोगों ने पाकिस्तान भाग जाने का विकल्प चुना, उन्हें डरपोक समझा गया, जबकि जो यहीं रह गए, उन्होंने भारत को अपनी मातृभूमि माना और आगे भी ऐसा ही मानते रहेंगे।

## अब मध्यप्रदेश में सड़कों पर नहीं दौड़ेंगे पुराने वाहन

**भोपाल।** बजट में 15 वर्ष आयु पूरी कर चुके सभी तरह के वाहनों को स्क्रैप कराना अनिवार्य किया गया है। पर्यावरण संरक्षण को देखते हुए रजिस्टर्ड व्हीकल स्क्रैपिंग फेसिलिटी(आरवीएसएफ)के तहत वाहनों का स्क्रैप कराया जा सकता है। यदि कोई शासकीय व निजी वाहन स्क्रैप कराता है तो उसे नया वाहन खरीदने पर टैक्स में छूट दी जाएगी। परिवहन विशेषज्ञ श्यामसुंदर शर्मा का कहना है कि इससे भोपाल सहित प्रदेश भर में बढ़ रहे वहनों की संख्या कमी आएगी। ट्रैफिक व्यवस्था ठीक होगी। साथ ही पेट्रोल, डीजल के ऐसे वाहन जिनकी उम्र 15 वर्ष हो चुकी है, वो स्क्रैप होने से पर्यावरण का संरक्षण हो सकेगा। कई ऐसे वाहन हैं, जो धुंआ छोड़कर वायु प्रदूषण फैलाते हैं। इससे आसपास का वातावरण अशुद्ध होता है, लेकिन इसमें वाहनों की स्थिति भी देखी जानी चाहिए। यदि वाहन टीक है तो उसे स्कैप के दायरे से बाहर किया जाए। कई ऐसे लोग होते हैं, जो आत्मीय रूप से वाहनों से जुड़ जाते हैं और उनके वाहनों की पीयूसी व फिटनेस ठीक रहती है। बजट में सबसे अच्छी बात यह है पुराने वाहनों को स्क्रैप कराकर नया वाहन खरीदने पर मोटरयान कर यानि टैक्स में छूट मिलेगी। परिवहन वाहनों में 15 प्रतिशत और गैर परिवहन वाहनों में 25 प्रतिशत तक की टैक्स में छूट देने का प्रविधान किया गया है।



## मुंबई के थाणे में बनेगा 11 मंजिल का रेलवे स्टेशन, मॉल, ऑफिस स्पेस और रिटेल शॉप भी होंगी

**मुंबई।** मुंबई के थाणे इलाके में एक ऐसा रेलवे स्टेशन बनाया जा रहा है, जिसमें 11 मंजिल होगी. यह रेलवे स्टेशन सिर्फ कनेक्टिविटी को ही नहीं, बल्कि लोगों के मनोरंजन को ध्यान में रखकर बनाया जा रहा है. रेलवे स्टेशन के ऊपर ही मॉल, ऑफिस स्पेस और रिटेल शॉप भी होंगी. यह प्रोजेक्ट रेलवे कनेक्टिविटी बढ़ाने के साथ सरकार के लिए मोटा राजस्व भी पैदा करेगा.

थाणे रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म 10ए के पास 9,000 वर्गमीटर एरिया में इस प्रोजेक्ट को डेवलप किया जाएगा. इसके साथ ही 24,280 वर्गमीटर का लीज स्पेस भी रहेगा. इस जगह को 60 साल की लीज पर दिया जा सकता है. प्रोजेक्ट को 30 जून, 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रहेगा. इस रेलवे स्टेशन के पास कनेक्टिविटी का पूरा ख्याल रखा गया है, जिसे बस और मेट्रो से भी जोड़ा जाएगा।

**क्या-क्या सुविधाएं होंगी-**रेलवे स्टेशन के बेसमेंट में पार्किंग की सुविधा दी जाएगी. इसके साथ ही रेलवे की सुविधाएं भी यहां दी जाएंगी. इससे जुड़ा ही बस का डेक बनाया जाएगा, जहां से लोकल बस पकड़ी जा सकेगी.



नीचे के 2 फ्लोर पर यह सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी. ऊपर के फ्लोर को कॉमर्शियल यूज के लिए इस्तेमाल किया जाएगा. इन फ्लोर पर शॉपिंग और रिटेल शॉप बनाई जाएंगी।

यह रेलवे स्टेशन सिर्फ कनेक्टिविटी को ही बढ़ावा नहीं देगा, बल्कि लोगों को सुविधाएं भी उपलब्ध कराएगा. ऊपर के फ्लोर पर फूड कोर्ट और रेस्तरां भी बनाए जाएंगे. यहां बच्चों के लिए गेमिंग जोन होगा, जबकि ऑफिस के लिए भी बड़ा स्पेस तैयार किया जा रहा है. होटल और सर्विस अपार्टमेंट के अलावा इस पर कोचिंग इंस्टीट्यूट भी बनाया जाएगा।

**किन जगहों के लिए होगी कनेक्टिविटी-**इस स्टेशन पर ट्रेन के अलावा अन्य साधनों की कनेक्टिविटी भी उपलब्ध कराई जाएगी. इस पर 2.24 किलोमीटर का एलिवेटेड रोड बनाया जाएगा, जो ईस्टर्न एक्सप्रेसवे को सीधे रेलवे स्टेशन से जोड़ेगा. प्लेटफॉर्म 10 के पास से बस मूवमेंट के लिए डेक बनाया जाएगा, ताकि यात्रियों को ट्रेन से उतरकर बस पकड़ने के लिए दूर न जाना पड़े. इस प्रोजेक्ट को रेल लैंड डेवलपमेंट अथॉरिटी और थाणे म्यूनिसिपल कॉरपोरेशन मिलकर बना रहे है।

## लोकसभा में गूंजा वोटर लिस्ट का मुद्दा

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने मतदाता सूचियों पर संसदीय चर्चा की मांग की। राहुल गांधी ने कहा कि देशभर में वोटर लिस्ट पर सवाल उठ रहे हैं। हर विपक्ष में वोटर लिस्ट पर सवाल उठ रहे हैं। पूरा विपक्ष बस यही कह रहा है कि वोटर लिस्ट पर चर्चा होनी चाहिए। आप सांसद संजय सिंह ने मीडिया से कहा कि चुनाव आयोग और केंद्र सरकार यानी सत्ता में बैठी पार्टी मिलकर सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग करके फर्जी वोटर बना रही है। महाराष्ट्र, हरियाणा और दिल्ली में उन्होंने ऐसा किया, अब बंगाल में भी उन्होंने यही शुरू कर दिया है। अगर चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष नहीं होगी...तो एक ही पार्टी सत्ता में आती रहेगी और वो भ्रष्टाचार भी करेगी।



## सिंहस्थ प्रबंधन से जुड़े सभी कार्य जून 2027 तक करें पूर्ण : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सिंहस्थ - 2028 मध्यप्रदेश का अत्यंत महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन है। लाखों-करोड़ों श्रद्धालु सिंहस्थ के दौरान उज्जैन आएंगे। किसी भी श्रद्धालु को स्नान व देव दर्शन में कोई कठिनाई हो, इसके लिए व्यापक प्रबंध किए जाएं। पुराने सिंहस्थ आयोजन से सीख लें और आगामी सिंहस्थ के सुव्यवस्थित आयोजन के लिए अभी से माइक्रो प्लानिंग कर व्यवस्थाओं को अंजाम देना प्रारंभ करें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में पूर्व में सम्पन्न हुए सिंहस्थ में प्राप्त अनुभवों को केन्द्र में रखते हुए सिंहस्थ - 2028 के योजनाबद्ध आयोजन के संबंध में बैठक की अध्यक्षता कर संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सबसे बेहतर यह होगा कि सिंहस्थ की व्यवस्थाओं और प्रबंधन से जुड़े सभी कार्य जून 2027 के पहले ही पूरे कर लिए जाएं। इससे रह गई कमोबेशी को दुरुस्त करने या व्यवस्थाओं को और भी अधिक बेहतर करने का समय भी मिल सकेगा।



बैठक में नगरीय विकास एवं आवास तथा संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी, मुख्य सचिव अनुराग जैन, मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव गृह जे.एन. कंसोटिया, अपर मुख्य सचिव नगरीय विकास एवं आवास संजय कुमार शुक्ल, पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना, आयुक्त जनसम्पर्क डॉ. सुदाम खाड़े व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## स्वर्ण मंदिर में व्यक्ति ने लोहे की रॉड से किया हमला, पांच लोग घायल

स्वर्ण मंदिर में एक व्यक्ति ने लोहे की रॉड से हमला कर दिया, जिससे दो सेवादार और तीन श्रद्धालु घायल हो गए। यह जानकारी पुलिस ने दी। उक्त व्यक्ति को स्वर्ण मंदिर के गुरु रामदास निवास में घूमते देखा गया, जिसे गुरु रामदास सराय भी कहा जाता है। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के सचिव प्रताप सिंह के अनुसार, जब व्यक्ति से पूछताछ की गई तो वह हिंसक हो गया और उसने एसजीपीसी कर्मियों तथा अन्य लोगों पर हमला कर दिया। पुलिस ने बताया कि उक्त व्यक्ति हरियाणा का रहने वाला है और घटना के बाद एसजीपीसी ने उसे उनके हवाले कर दिया। प्रताप सिंह ने बताया कि घायल हुए तीन श्रद्धालु मोहाली, बठिंडा और पटियाला से आए थे, जबकि अन्य दो श्री दरबार साहिब के सेवादार थे। घायलों को गंभीर हालत में श्री गुरु रामदास अस्पताल ले जाया गया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक समीर खान के द्वारा राजा ऑफसेट प्रिंटर्स, 863/9, नेहरू नगर, इंदौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं 105, लाला भाई मंजिल, 39-40 न्यू अली कॉलोनी खजराना, इंदौर से प्रकाशित। संपादक-समीर खान* (9424018786), सह-संपादकः अदनान अली (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।)
Email : sameer18786@gmail.com (*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)